कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

मनीष कुमार मीणा पुत्र श्री शिवराम मीणा निवासी मुनापुरा पोस्ट कोट तहसील मण्डावर जिला दौसा
राज0

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी मण्डावर जिला दौसा

अपील संख्या 103/2022

निर्णय

दिनांक 07.10.2022

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी मण्डावर जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी मण्डावर जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/ सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी मण्डावर जिला दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी मण्डावर जिला दौसा को इस कार्यालय के पत्र क्रमांकःडीएम कोर्ट/2022/2241 दिनांक 08.09.2022 एवं स्मरण पत्र क्रमांक:2332 दिनांक 23.9.2022 के द्वारा पत्र जारी कर प्रार्थी को वांछित नकल उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी मण्डावर को निर्देशित किये जाने के उपरांत अपीलांट को वांछित नकल/सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत नहीं कराया गया है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट आंशिक स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट आंशिक स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी मण्डावर को निर्देश दिये जाते हैं कि अपीलांट को वांछित सूचना/नकल आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद तामील पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

Signature Not Verified
Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2023.02.15 12:54:27 IST
Reason: SelfAttested
सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

(कमर ...)
जिला कलक्टर, दौसा

जिला कलक्टर, दौसा